भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. ने डीकेडी कॉलेज, डेरगांव, गोलाघाट (असम) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट (असम) ने दिनांक 19 जून, 2023 को अपने परिसर में डेरगांव कमल डोवराह (डीकेडी) कॉलेज, डेरगांव, गोलाघाट (असम) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस पर, संस्थान और कॉलेज के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और शिक्षकों की उपस्थिति में संस्थान के निदेशक और कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल क्रमशः डॉ. आर.के. बोरा और डॉ. रंजन बोरदोलोई ने हस्ताक्षर किए। डीकेडी कॉलेज के डॉ. टी. जी. देविना; डॉ. सृष्टिश्री उपाध्याय और डॉ. जे.पी. गोगोई तथा संस्थान के श्री आर. के. कलिता, प्रमुख, विस्तार प्रभाग; डॉ. डी. जे. दास, प्रमुख, वन पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन प्रभाग; श्री एस. बोरदोलोई, प्रमुख, आनुवंशिकी और वृक्ष सुधार प्रभाग; श्री इमोटेमसु आओ, प्रमुख, वन-वर्धन एवं वन प्रबंधन प्रभाग; डॉ प्रशांत हाजारिका, एसीटीओ, श्री प्रोतुल हाजारिका, एसीटीओ और श्री एन.सी. दास, टीओ उपस्थित थे।

डॉ आर. के. बोरा ने कॉलेज के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने हेतु डीकेडी कॉलेज की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर से अनुसंधान के लिए नया रास्ता खुलेगा। इस सहयोग से, दोनों संस्थान, विशेषकर छात्र लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर डॉ. रंजन बोरदोलोई और श्री आर.के. कलिता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. डी. जे. दास ने संस्थान के अनुसंधान और विकास गतिविधियों के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी।

GLIMPSES OF THE CEREMONY

ववअसं
RFRI
जोरहाट JORHAT

ववअसं
RFRI
जोरहाट JORHAT
Director, RFRI

व.व.अ.सं. ने डीकेडी कॉलेज, डेरगांव, गोलाघाट (असम) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

2023